Title: Need to set up more power plants in Maharashtra with a view to solve acute power shortage in the State.

श्री हरीभाऊ शंकर महाले (मालेगांव) : अध्यक्ष महोदय, महाराट्र में बिजली संकट बहुत उभर आया है। बिजली बहुत महंगी हो गई है। समय पर बिजली की उपलब्धता नहीं होने की वजह से किसान लोग बहुत परेशान हैं। सामान्य लोग भी बिजली की अनियमितता से बहुत चिन्तित हैं।

महाराट्र में बिजली के इस महासंकट को देखते हुये नए पॉवर प्लांट लगाना बहुत जरूरी है।

मेरी आपके माध्यम से उर्जा मंत्री से विनती है कि महाराट्र में जल्द से जल्द नये पॉवर प्लांट लगाये जायें।